**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0 :** 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आरोप (बक्सर)–07/2025......3145 **पटना, दिनांक :** 15/07/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बक्सर के पत्रांक–1062/बन्दो0 दिनांक 08.12.2025 द्वारा श्री अवधेश सिंह (AEN15214), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 06.10.2025 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1660 दिनांक 18.05.2026 द्वारा श्री सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिस क्रम में श्री सिंह से प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, बक्सर का पत्रांक 506/बन्दो0 दिनांक 22.07.2026 द्वारा समीक्षोपरांत मंतव्य में बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के अनुपस्थित रहने के दृष्टिगत संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन/अनुशंसा एवं सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री सिंह द्वारा बिना सूचना/अवकाश स्वीकृति के अपने कार्यस्थल से बार–बार अनुपस्थित रहना इनके कार्य के प्रति उदासीनता, अनुशासनहीनता एवं मनमानेपन को परिलक्षित करता है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना है, जिससे भली–भांति अवगत रहने के बावजूद भी श्री सिंह का कार्यस्थल से बार–बार अनुपस्थित रहने के कारण आवंटित कार्य बाधित हुआ है, जो स्वच्छ संविदा कर्मी के आचरण का सर्वथा प्रतिकूल है, इस परिप्रेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा, एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त, निदेशालय आदेश सं0 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत श्री अवधेश सिंह (AEN15214), विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन अनुपस्थिति के तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsh 27/08/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :** 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आरोप (बक्सर)–07/2025.......3145.......**पटना, दिनांक :** 15/07/2026

**प्रतिलिपि :** श्री अवधेश सिंह (Emp.Id-AEN15214), विशेष सर्वेक्षण अमीन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 27/08/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Amit sir\Director\Order\07-2025-27-08-2026 (Terminate Avddhesh).doc

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0 आरोप (बक्सर)—07 / 2025...3145...**पटना, दिनांक** 15/09/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Subhash 27/08/26
**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0 आरोप (बक्सर)—07 / 2025...3145...**पटना, दिनांक** 15/09/2026

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत इसकी व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Subhash 27/08/26
**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप